CRIME Tak

अख़बार और न्यूज़ चैनल के दफ्तर में छाप रहे थे नकली नोट, रैकेट का भंडाफोड़, तीन गिरफ़्तार, 9.36 लाख के नक़ली नोट बरामद

Gujarat News: सूरत पुलिस की एसओजी और पीसीबी टीम ने 200 और 500 रुपये के नक़ली छापने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ़्तार किया है। गिरफ़्तार तीनों आरोपियों के पास से नक़ली 9 लाख 36 हज़ार रुपये बरामद किए गये हैं। सूरत के लिंबायत इलाक़े में लोकल न्यूज़ पेपर और यू ट्यूब चैनल का ऑफिस चलाने वाला फिरोज शाह इस नक़ली नोट के रैकेट का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। फिरोज शाह 2015 में झारखंड में पहले भी नक़ली नोटों के साथ पकड़ा गया था।

नकली नोट छापने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

फिरोज शाह के परिवार में बीमारी में खर्चा हुआ तो क़र्ज़दार हो गया था। कर्ज को उतारने के लिए नक़ली नोट छापने का काम पिछले दो महीने से शुरू किया था। अभी तक 4 लाख के नक़ली नोट छाप कर डिलीवरी कर चुका था। पुलिस के मुताबिक नक़ली नोट छापने के लिए कागज और स्याही उसके साथी मध्यप्रदेश से लेकर आते थे।

मध्य प्रदेश से लाते थे कागज और स्याही

सूरत पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को इनके बारे में मुखबिर के जरिये जानकारी मिली थी। इसके बाद अलग-अलग टीमों के पुलिसकर्मियों ने भेष बदलकर लिंबायत इलाके में रेकी करनी शुरू कर दी। खाकी वर्दी धारी अलग-अलग पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में कहीं लॉरी पर काम कर रहे थे तो कहीं सब्जी बेचने का काम कर रहे थे।

Source: https://www.crimetak.in/top-news/story/fake-notes-were-being-printed-in-newspaper-and-news-channel-offices-racket-busted-three-arrested-936-lakh-fake-notes-recovered-3006198-2024-05-23